TUESDAY 23.9.2014

ग्रीन अकाऊंटिंग पर 3 दिवसीय कार्यशाला का आगाज

शिमला, 22 सितम्बर (तिलक): वन विभाग द्वारा हिमाचल प्रदेश में ग्रीन अकाऊंटिंग आरम्भ करने के लिए सोमवार को शिमला में 3 दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। कार्यशाला का आगाज भारत सरकार के सांख्यिकी एवं परियोजना कार्यान्वयन मंत्रालय के सचिव एवं चीफ स्टैटीस्टीशियन टी.सी.ए. अनंत ने किया।

इस कार्यशाला में वन विभाग के अलावा राज्य पर्यावरण विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पर्यटन, भू-अभिलेख, सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य तथा आर्थिकी एवं सांख्यिकी विभागों के लगभग 40 अधिकारी भाग ले रहे हैं। विश्व के अनेक देशों में इन विधियों का उपयोग किया जा रहा है।

इस अवसर पर प्रधान सचिव वन तरुण श्रीधर, प्रधान सचिव वित्त डा. श्रीकांत बाल्दी, प्रधान मुख्य अरण्यपाल एवं फॉरेस्ट फोर्स के प्रमुख आर.के. गुप्ता, प्रधान मुख्य अरण्यपाल एस.सी. श्रीवास्तव तथा विभिन्न विभागों के उच्च अधिकारी भी उपस्थित रहे।

(1)

मंगलवार, 23 सितम्बर, 2014

ग्रीन एकांउटिंग पर तीन दिवसीय कार्यशाला

शिमला, 22 सितम्बर (अ.स.): वन विभाग द्वारा शिमला में हिमाचल प्रदेश में ग्रीन एकांउन्टिग आरम्भ करने के लिए तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ भारत सरकार के सांख्यकी एवं परियोजना कार्यान्वयन मंत्रालय के सचिव एवं चीफ स्टैटिस्टीशियन टी.सी.ए. अनन्त ने किया। इस कार्यशाला में वन विभाग के अलावा राज्य पर्यावरण विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पर्यटन, भू-अभिलेख, सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य तथा अर्थिकी एवं सांख्यिकी विभागों के लगभग 40 अधिकारी भाग ले रहे है। कार्यशाला में हिमाचल प्रदेश में ग्रीन एकांउन्टिग आरम्भ करने से संबन्धित सांख्यकीय आंकड़ो के संकलन की विधियों पर मंथन तथा प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इससे राष्ट्रीय ग्रीन एकांउन्टिग प्रणाली विकसित करने में सहायता मिलेगी और आर्थिक कार्यकुशलता के आंकलन तथा नीतिगत निर्णय लेने में भी मदद मिलेगी। विश्व के अनेक देशों में इन विधियों का उपयोग किया जा रहा है।

(2)

अमरउजाला

चंडीगढ़ | मंगलवार | 23 सितंबर 2014

ग्रीन एकांउटिंग पर कार्यशाला शुरू

शिमला। वन विभाग की ओर से हिमाचल प्रदेश में ग्रीन एकाउटिंग शुरू करने के लिए शिमला में तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ भारत सरकार के सांख्यकी एवं परियोजना कार्यान्वयन मंत्रालय के सचिव एवं चीफ स्टेटिस्टीशियन टीसीए अनंत ने किया। कार्यशाला में प्रदेश में ग्रीन एकाउटिंग शुरू करने से संबंधित सांख्यिकीय आंकड़ों के संकलन की विधियों पर मंथन तथा प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर प्रधान सचिव वन तरुण श्रीधर, प्रधान सचिव वित्त डॉ. श्रीकांत बाल्दी, प्रधान मुख्य अरण्यपाल एवं फॉरेस्ट फोर्स के प्रमुख आरके गुप्ता, प्रधान मुख्य अरण्यपाल एससी श्रीवास्तव, प्रधान मुख्य अरण्यपाल एवं निदेशक राज्य पर्यावरण विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, विश्व बैंक प्रतिनिधि वरिष्ठ पर्यावरण इकोनोमिस्ट उर्वशी नारायण, जुआन पबलो, हरिप्रिया तथा विभिन्न विभाग के उच्च अधिकारी भी उपस्थित थे।

(3)

दिव्य हिमाचल

शिमला-चंडीगढ़, मंगलवार, 23 सितंबर, 2014

ग्रीन अकाउँटिंग पर मंथन

शिमला – वन विभाग द्वारा हिमाचल प्रदेश में ग्रीन अकाउंटिंग आरंभ करने के लिए सोमवार को शिमला में तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का शुभारंभ भारत सरकार के सांख्यिकी एवं परियोजना कार्यान्वयन मंत्रालय के सचिव एवं चीफ स्टेटिस्टीशियन टीसीए अनंत ने किया। इस कार्यशाला में वन विभाग के अलावा राज्य पर्यावरण विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पर्यटन, भू-अभिलेख, सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य तथा आर्थिकी एवं सांख्यिकीय विभागों के लगभग 40 अधिकारी भाग ले रहे हैं।

(4)